अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर (छत्तीसगढ़)
टाटीबंध, जी.ई.रोड,
रायपुर ४९२०९९ (छत्तीसगढ़)

आरोग्यम् सुख सम्पदा

एम.बी.बी.एस.प्रथम प्रोफेशनल – २०१७ सत्र के लिए सीट आवंटन प्राप्त विद्यार्थियों हेतु निर्देश

1. अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में एम.बी.बी.एस. पाठ्यक्रम – २०१७ सत्र के लिए सीट आवंटित सभी विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु तत्काल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, टाटीबंध, जी.ई.रोड, रायपुर, ४९२०९९ (छत्तीसगढ़) में अनिवार्यतः उपस्थित होकर निम्न औपचारिकताएं पूर्ण करनी होगीः
   - अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर द्वारा गठित चिकित्सकीय बोर्ड से **चिकित्सकीय जांच** कराना होगा ।
   - निर्धारित **शुल्क** (५८५६/–, रूपये पांच हजार आठ सौ छप्पन मात्र) नकद/ड्राफ्ट/कार्ड द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर में जमा करना होगा ।
   - सभी विद्यार्थी प्रवेश हेतु निम्नलिखित मूल दस्तावेज अपने साथ लाएँ :
     - ✓ **(१०+२)** या उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र जिसमें:
       - परीक्षा में लिया गया **विषय** प्रदर्शित होना चाहिए ।
       - अंग्रेजी, भौतिक, रसायन एवं जीवविज्ञान के अंक मिलाकर कुल **६० प्रतिशत या उससे अधिक** हासिल किया हो, (अनुसूचित जाति/जनजाति/शारीरिक रूप से दिव्यांग (अस्थि) के लिए ५० प्रतिशत) ।
     - ✓ बोर्ड द्वारा जारी सेकण्डरी/हायर सेकण्डरी परीक्षा प्रमाण पत्र जिसमें **जन्मतिथि** अंकित हो ।
     - ✓ **प्रवजन** प्रमाण पत्र – जिस विश्वविद्यालय/बोर्ड से आखिरी परीक्षा उत्तीर्ण की हो ।
     - ✓ **अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शारीरिक रूप से दिव्यांग (अस्थि) प्रमाण पत्र** – परीक्षा विवरण–पुस्तिका में निर्धारित प्रारूप अनुसार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र ।
     - ✓ विद्यार्थी एवं अभिभावक द्वारा रैगिंग संबंधी **वचन पत्र** (संस्था की वेबसाइट – http://aiimsraipur.edu.in/StudentDownloads.aspx में उपलब्ध प्रारूप अनुसार)
     - ✓ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा जारी **आवंटन पर्ची** ।
     - ✓ एम.बी.बी.एस. प्रवेश परीक्षा–२०१७ हेतु जारी **प्रवेश पत्र** ।
     - ✓ विद्यार्थी के चार पासपोर्ट साइज **फोटो** ।
2. विद्यार्थियों को सभी मूल दस्तावेजों की एक स्वप्रमाणित छायाप्रति प्रवेश प्रक्रिया के समय जमा करना होगा ।
3. प्रवेश की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने हेतु सामान्यतः एक दिन से ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए ।

नियमित कक्षाएं दिनांक १७.०८.२०१७ से प्रारंभ हो चुकी है ।

4. प्रवेश संबंधी सभी औपचारिकताएं, जो कि विद्यार्थियों द्वारा पालन किया जाना आवश्यक है, संस्था की वेबसाइट (http://aiimsraipur.edu.in) पर भी अपलोड किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को नियत तिथि तक उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण न करने पर उनकी सीट निरस्त की जा सकती है एवं तदनुसार रिक्त सीट की जानकारी प्रवेश समिति को भेज दी जाएगी।